

## जाने जा से करीना कपूर का ओटीटी डेब्यू, सस्पेंस से भरा है टीजर

बड़े पर्दे पर जलवे बिखेरने के बाद अब करीना कपूर खान ओटीटी पर कदम रखने जा रही हैं। उनकी नई फिल्म का टाइटल जाने जा है, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसका धमाकेदार टीजर और रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। डायरेक्शन सुजॉय घोष ने किया है और अन्य स्टार्स में जयदीप अहलावत और विजय वर्मा जैसे बेहतरीन कलाकार भी हैं। जानिए ये कब रिलीज हो रही है। शुक्रवार को सुजॉय घोष की अपकमिंग थ्रिलर मूवी जाने जा का टीजर और रिलीज डेट अनाउंस कर दिया है। ये जापानी ऑथर के बेस्टसेलिंग थ्रिलर नॉवेल श्डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स का ऑफिशियल हिंदी अडेप्टेशन है। करीना कपूर की इस मूवी जाने जा को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। ये 21 सितंबर को इस डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी। करीना कपूर को पिछले साल रिलीज लाल सिंह चड्ढा फिल्म में आमिर खान के साथ देखा गया था। इस साल वो दो फिल्मों में नजर आएंगी। एक जान जान और दूसरी The Buckingham Murders। इसके अलावा वो द क्रू में नजर आएंगी जो साल 2024 में रिलीज होगी।

## भावुक पंकज त्रिपाठी ने पिता को समर्पित किया नेशनल अवॉर्ड

पॉपुलर एक्टर पंकज त्रिपाठी के पिता का 21 अगस्त को निधन हो गया था। तभी से पंकज त्रिपाठी गोपालगंज के बरौली के बेलसंड गांव में पिता के श्राद्ध कर्म करने लगे हुए हैं। इन्हीं गम के पलों में पंकज त्रिपाठी को एक बड़ी खुशखबरी मिली। एक्टर को फिल्म श्मिमीश के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला। 25 अगस्त को 69वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की घोषणा की गई थी, और उसी में पंकज त्रिपाठी का भी अवॉर्ड के लिए नाम अनाउंस किया गया था। पिता के निधन से पंकज त्रिपाठी और उनका पूरा परिवार शोक में डूबा हुआ था। इसी बीच जब नेशनल अवॉर्ड मिलने की खबर मिली, तो एक्टर भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि हर किसी के जिंदगी में कभी खुशी और कभी गम का माहौल आता है। उनके पिता का निधन हो गया था। परिवार में काफी दुखद माहौल था। सभी लोग दुख के घड़ी में पिता के याद कर रहे थे। अब उनके पिता के आशीर्वाद से श्राद्ध कर्म के बीच में ही 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार की घोषणा कर दी गई। जिसमें उन्हें मिमी के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवार्ड मिला है। पंकज त्रिपाठी ने इस अवॉर्ड को अपने पिता को समर्पित किया। पंकज त्रिपाठी के परिवार और गांव के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

## धर्मेंद्र के दोनों परिवारों के बीच मतभेद पर बोलीं हेमा मालिनी



धर्मेंद्र अक्सर अपनी निजी जिंदगी, खासकर अपने दोनों परिवारों के बीच चल रही खींचातानी को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। एक्टर की पहले प्रकाश कौर से शादी हुई थी, फिर उन्हें हेमा मालिनी से प्यार हो गया और उन्होंने उनसे शादी कर ली। अब, एक्टर के दो परिवार हैं, एक प्रकाश कौर और उनके बच्चों के साथ, और दूसरा हेमा और उनकी बेटियों के साथ। हेमा हमेशा ध र्मेंद्र के पहले परिवार से दूर रहती हैं और उनके बारे में कम ही बात करती हैं। लेकिन हाल ही में उन्होंने इस बारे में खुलकर बात की है। इस पर हेमा ने कहा, श्हम सब एक साथ हैं, हमेशा एक साथ थे। कोई भी समस्या हो हम हमेशा एक–दूसरे के साथ हैं। तो, प्रेस को यह समझ में आ गया और यह अच्छा है, वे इससे खुश हैं और मैं भी खुश हूं। यह अजीब है कि लोग ऐसा कैसे दिखाते हैं कि हम अलग हो गए हैं। हम हमेशा साथ हैं, पूरा परिवार हमारे साथ है। कुछ कारणों से, हम शादी में नहीं आए थे और यह एक अलग बात है। लेकिन सनी, बॉबी हमेशा रक्षाबंधन के दौरान घर आते हैं।

# झांसी की रानी फेम कृतिका सेंगर ने गुदवाया खूबसूरत टैटू



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*कसौटी जिंदगी की फेम कृतिका सेंगर 2022 में मां बनने के बाद से मदरहुड को एंजॉय कर रही हैं। वह अपना सारा समय अपनी बच्ची देविका के साथ बिता रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने एक स्टूडियो से अपना पहला टैटू गुदवाने के बारे में एक पोस्ट शेयर किया। कई टीवी शोज में काम कर चुकीं कृतिका ने अपने पहले टैटू की तस्वीरें शेयर कीं, जिसे उन्होंने अपने दाहिने हाथ पर गुदवाने का फैसला किया।*

**एक सार्थक टैटू बनवाया**

कृतिका सेंगर ने एक सार्थक टैटू बनवाया है क्योंकि वह एक ही समय में भगवान शिव, मां सरस्वती और लक्ष्मी की पूजा कर रही हैं। कृतिका ने अपना पहला टैटू गुदवाया है। एक्ट्रेस ने 4 से 6 इंच का एक बड़ा म्यूजिकल टैटू बनवाया, जिसमें उनके हाथ पर डमरू के साथ भगवान शिव का त्रिशूल और माता सरस्वती का सितार डिजाइन किया गया है।

**कृतिका सेंगर का महादेव टैटू**

कृतिका ने कैप्शन में अपने टैटू के बारे में लिखा, और यह बन गया, मेरा पहला टैटू, महादेव, मां सरस्वती और मां लक्ष्मी को समर्पित.. मैं जो चाहती थी उसे इतनी खूबसूरती से अनुवाद करने के लिए देवेंद्र पाल को धन्यवाद। बेहतरीन अनुभव के लिए टैटू इंडिया और सनी भानुशाली को धन्यवाद। रुहरहरमहादेवध्।श



**दोस्तों ने की तारीफ**

कृतिका के दोस्तों और फैंस ने उनके टैटू पर रिएक्ट किया। जुबेर खान ने कहा, वाह यह कितना सुंदर है, चारुल मलिक ने कहा, बहुत सारी पॉजिटिविटी वाला टैटू, और यहां तक कि उनके पति निकितिन धीर ने भी हरहरमहादेव कमेंट किया। पोस्ट पर फैन्स ने भी कमेंट किए। एक फैन ने लिखा, वाह, यह वाकई बहुत सुंदर है, हर हर महादेव अफ्रीका से ढेर सारा प्यार, एक ने कहा, वाह कृतिका दी सुंदर, हमें लगा कुछ टीवी पर आ रहा है, आपके फैंस इंतजार कर रहे हैं, और फिर भी एक ने कहा, क्रेट्ज, इसे देखकर ही हम बहुत खुश हो गए हैं।

**कृतिका सेंगर के शोज**

कृतिका ने टीवी इंडस्ट्री में पिछले कुछ सालों में कई मशहूर शो किए हैं और फैंस उन्हें स्क्रीन पर देखना पसंद करते हैं। उन्होंने कसौटी जिंदगी की, क्योंकि सास भी कभी बहू थी, झांसी की रानी, पुनर्विवाह, कसम तेरे प्यार की और कई शोज में काम किया है।

# एल्विश यादव ने पुलिसवाला बनकर जिया को किया फोन

*एल्विश यादव को मसखरी सूझी तो उन्होंने जिया शंकर को फोन लगा दिया। दिलचस्प बात यह रही कि उन्होंने पुलिसवाला बनकर जिया के साथ प्रैंक किया, और वह उन्हें पहचान भी नहीं पाईं। जिया बुरी तरह हड़बड़ा गईं। उधर मनीषा रानी डांस रिहर्सल करती नजर आईं।*



बिग बॉस ओटीटी 2 विनर एल्विश यादव ने हाल ही जिया शंकर के साथ ऐसा प्रैंक किया, कि एक्ट्रेस के होश उड़ गए, और अपनी लीगल टीम को बीच में ले आईं। एल्विश यादव ने जिया से एसीपी अजित शिंदे बनकर बात की थी, और एक्ट्रेस की घिग्घी बंध गई। एल्विश यादव का यह प्रैंक वीडियो खूब चर्चा में है, और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बिग बॉस ओटीटी 2 में एल्विश यादव और Jiya Shankar के बीच शुरुआत में खूब भिड़ंत देखने को मिली थी। यहां तक कि एक टास्क में जिया ने Elvish Yadav को साबुन का पानी भी पिला दिया था, जिससे फैंस भड़क गए थे। हालांकि बाद में एल्विश और जिया के बीच दोस्ती हो गई। शो में एल्विश का ठेठे देसी अंदाज और वन लाइनर खूब पसंद किए।

**एल्विश यादव का जिया शंकर के साथ प्रैंक**

एल्विश शो से बाहर आने के बाद से सोशल मीडिया पर और एक्टिव हो गए हैं, और मजेदार वीडियो शेयर करते रहते हैं। एक वीडियो उन्होंने जिया शंकर को लेकर बनाया, जो सुर्खियों में है। जिया प्रैंक कॉल में एल्विश यादव को पहचान ही नहीं पाईं, और घबरा गईं।

**एसीपी अजित बनकर यह बोले एल्विश**

एल्विश यादव ने इस वीडियो को इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया था। इसमें वह कह रहे हैं, श्हां जी मैडम मैं एसीपी ऑफिस से बोल रहा हूं अजीत। जिया जी बात कर रही हैं ना? मैं ना पुलिस थाने से बात कर रहा हूं। जिया जी बात हो रही है? एक बार मेरी बात सुनना। एक कंप्लेंट आ रखी है मेवात से जिया शंकर के ऊपर।श